डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

## प्रेस विज्ञप्ति

### साहित्य अकादेमी पुस्तक मेला 'पुस्तकायन'

### अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत एवं लेखक नवतेज सरना करेंगे उद्घाटन

### 10 दिन तक चलेगा पुस्तक मेला

### 40 से ज्यादा प्रकाशक और 100 से अधिक लेखक कलाकार करेंगे सहभागिता

**नई दिल्ली। 5 दिसंबर 2024**; साहित्य अकादेमी विगत वर्षों में सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे पुस्तकायन का तृतीय संस्करण अपने परिसर में 6 से 15 दिसंबर 2024 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 8 बजे तक करने जा रही है। पुस्तक मेले का उद्घाटन दिनांक 6 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रख्यात स्तंभकार, लेखक एवं अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत नवतेज सरना करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक करेंगे और समापन वक्तव्य साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा द्वारा दिया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार रंजना चोपड़ा तथा संयुक्त सचिव, उमा नंदूरी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी। इस बार पुस्तक मेले में 40 से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं तथा कार्यक्रमों में विभिन्न भारतीय भाषाओं के 100 से अधिक लेखक, कलाकारों की सहभागिता होगी। पुस्तक संस्कृति और पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'पुस्तकायन' पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही युवा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन प्रस्तुत किए जाएँगे।

दस दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक मेले के दौरान आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों में हिंदी कवि सम्मिलन, गीत संध्या, अस्मिता, ग़ज़ल संध्या, बहुभाषी कविता-पाठ, आदिवासी लेखक सम्मिलन, मुशायरा, कहानी-पाठ, 'अनुवाद एवं बाल साहित्य' विषयक परिचर्चा, लघुकथा पाठ, व्यंग्य पाठ आदि शामिल हैं। बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता, कविता-पाठ एवं कहानी-पाठ प्रतियोगिता के कार्यक्रम भी रखे गए हैं। 'लेखक से संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रख्यात लेखक अशोक चक्रधर एवं प्रख्यात लेखिका नासिरा शर्मा भी मेले में उपस्थित रहेंगी।

साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी परिसर में तीसरी बार आयोजित किए जा रहे इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त देश के अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशकों की पुस्तकें विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in